Women University Press
Jayoti Publication Desk
ISBN No. : 978-93-94024-56-4

# भारत में प्रशासनिक संस्थाएँ

## भाग–2

## Administrative Institutions in India -II




जेवीएन प्रो.( डॉ. ) संजय बुन्देला

JAYOTI VIDYAPEETH WOMEN'S UNIVERSITY, JAIPUR
UGC Approved Under 2(f) & 12(b) | NAAC Accredited | Recognized by Statutory Councils

Printed by :
JAYOTI PUBLICATION DESK

Published by :
Women University Press
Jayoti Vidyapeeth Women's University, Jaipur

Faculty of Education & Methodology

**Title:** भारत में प्रशासनिक संस्थाएँ भाग -II Administrative Institutions in India -II

**Author Name:** Dr. Sanjay Bundela

**Published By:** Women University Press

**Publisher's Address:** Jayoti Vidyapeeth Women's University, Jaipur
Vedant Gyan Valley,
Village-Jharna, Mahala Jobner Link Road, NH-8
Jaipur Ajmer Express Way,
Jaipur-303122, Rajasthan (India)

**Printer's Detail:** Jayoti Publication Desk

**Edition Detail:**

**ISBN:** 978-93-94024-56-4

**Copyright** © - Jayoti Vidyapeeth Women's University, Jaipur

# भारत में प्रशासनिक संस्थाएँ

## (Administrative Institutions in India)

**भाग –2**

**(Part-2)**

डॉ संजय बुन्देला

प्रोफेसर

मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग

फैकल्टी ऑफ एजुकेशन एण्ड मैथोडोलॉजी

ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय ,जयपुर (राजस्थान)

ज्योति प्रेस

ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय ,जयपुर (राजस्थान)

# **अनुक्रमणिका (Index)**

**अध्याय (Chapter)**


1. **लोक कल्याणकारी राज्य( अर्थ, विशेषताएं तथा कार्य)**

   **Welfare State (meaning, features and functions)**
2. लोकतांत्रिक/प्रजातांत्रिक प्रशासन की विशेषताएं

   **(Characteristics of Democratic administration)**
3. नौकरशाही/ब्यूरोक्रेसी (भूमिका , लाभ तथा हानि )

   **Bureaucracy (Role, Merit and Demerits)**
4. नीति आयोग( संगठन तथा कार्य)

   **NITI Aayog (Organization and Functions)**
5. राष्ट्रीय विकास परिषद (संगठन तथा कार्य)

   **National Development Council (Organisation and Functions)**
6. **संघ लोक सेवा आयोग (संगठन , कार्य तथा भूमिका)**

   **Union Public Service Commission (Organisation, Functions and Role)**
7. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (संगठन तथा कार्य)

   **University Grants Commission (Organization and Functions)**

# 1. लोक कल्याणकारी राज्य( अर्थ, विशेषताएं तथा कार्य)
## Welfare State (meaning, features and functions)

### प्रस्तावना (Introduction)

वर्तमान समय में एशिया या अफ्रीका के विकासशील इत्यादि सभी देशों में आज लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा ने अपना विशेष स्थान रखा हुआ है अर्थात एक अभिन्न अंग बना हुआ है । लोक कल्याणकारी राज्य के द्वारा राज्य में अधिक से अधिक कार्य संपन्न किए जाते हैं । राज्य की उपयोगिता के बारे में अरस्तु के सुविचार आज उतने ही प्रासंगिक है जितने की अरस्तु के समय में रहा है ।

लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का विकास (Development of the concept of welfare state)

लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का निरंतर धीरे – धीरे विकास हुआ है । लोक कल्याणकारी राज्य से तात्पर्य है एक ऐसा राज्य जिसके अंतर्गत शासन की शक्तियों का प्रयोग किसी एक विशेष वर्ग के कल्याण के लिए नहीं बल्कि साधारण व्यक्तियों के कल्याण के लिए होता है । राज्य का यह भी एक कर्तव्य है कि वह अपने सभी निवासियों के विकास के लिए समुचित परिस्थितियां उपलब्ध कराएं ।

लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के विकास के लिए निम्नलिखित बिंदु देखे जा सकते हैं–

1. महाभारत, पुराण तथा वेद की स्मृतियों के साथ कौटिल्य के अर्थशास्त्र , सभी में राज्य द्वारा उनके नागरिकों के कल्याण की भावना को स्पष्ट देखा जा सकता है ।

2. वेद व्यास के अनुसार महाभारत में कहा गया है कि जो सम्राट अपनी प्रजा को पुत्र की तरह समझ कर उनके बहुमुखी विकास का प्रयत्न नहीं करता ,वह नरक का भागीदार होता है ।

3. राजनीति विज्ञान के आरंभिक प्रसिद्ध विचारक प्लेटो तथा अरस्तु ने भी राज्य को एक नैतिक संरचना माना है , जिनका उद्देश्य सभी नागरिकों के हित में कार्य करना है ।

4. भारत की स्वतंत्रता के बाद संविधान में , 1950 के IV अध्याय में राज्य के नीति निदेशक तत्व में स्पष्ट कहा गया है कि भारत एक लोक कल्याणकारी राज्य बनने की दिशा में अग्रसर होगा ।

5. उपरोक्त बिंदुओं के अलावा औद्योगिक क्रांति, युद्ध, आर्थिक संकट तथा अन्य क्रांतियों ने लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना के लिए धीरे–धीरे कदम उठाया ।

लोक कल्याणकारी राज्य का अर्थ तथा परिभाषा (Meaning and definition of welfare state)

**अर्थ**

लोक कल्याणकारी राज्य का अर्थ है –लोक स तात्पर्य है– लोगों का कल्याण करना और उनके सुख समृद्धि को आगे बढ़ाना स यह राज्य समाज के सभी नागरिकों की सेवा करना अपना प्रथम कर्तव्य समझता है ।

**परिभाषा**

**एन्साइक्लोपीडिया ऑफ सोशल साइंसेस के अनुसार –**

लोक कल्याणकारी राज्य का तात्पर्य एक ऐसे राज्य से हैं जो अपने सभी नागरिकों को न्यूनतम जीवन स्तर प्रदान करना अपना अनिवार्य उत्तरदायित्व समझता है ।

**टी डब्लू केंट (TW Kant )के अनुसार–**

लोक कल्याणकारी राज्य , वह राज्य है जो अपने नागरिकों के लिए अधिक से अधिक सामाजिक सुविधाएं प्रदान करता है । इसके अंतर्गत यह शिक्षा ,स्वास्थ्य, रोजगार , वृद्धावस्था आदि की व्यवस्था करता है ।

अब्राहम ने लोक कल्याणकारी राज्य के बारे में कहा कि कल्याणकारी राज्य वह है जो अपनी आर्थिक व्यवस्था का संचालन आय के अधिकाधिक समान वितरण के उद्देश्य से करता रहता है ।

**पंडित जवाहरलाल नेहरू के अनुसार–**

सबको समान अवसर प्रदान करना , अमीरों तथा गरीबों के मध्य अंतर मिटाना और सर्वसाधारण के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना लोक हितकारी राज्य के आधारभूत तत्व है ।

## लोककल्याणकारी राज्य की विशेषताऐं (लक्षण)

लोककल्याणकारी के आदर्श स्वरूप के लिए निम्नलिखित लक्षण या विशेषताएं हैः–

### 1. आर्थिक सुरक्षा संबंधी

इसके बिना लोककल्याणकारी राज्य का कोई महत्व नहीं है , क्योंकि सबके लिए रोजगार, न्यूनतम जीवन की गारण्टी, अधिकतम आर्थिक समानता होनी चाहिए । यदि शासन तन्त्र में राज सत्ता आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न लोगों के हाथों में होगी, तो वह लोककल्याणकारी राज्य की श्रेणी में नहीं आयेगा ।

### 2. राजनीतिक सुरक्षा की व्यवस्था संबंधी

लोककल्याणकारी राज्य को चाहिए कि वह ऐसी व्यवस्था करे कि राजनैतिक शक्ति सम्पूर्ण रूप से जनता के हाथ में हो । शासन व्यवस्था लोकहित में हो । नागरिकों को विचार अभिव्यक्ति तथा राजनीतिक दलों के निर्माण की स्वतंत्रता के साथ ही मत देने तथा चुनाव लड़ने की पूर्णत : राजनीतिक स्वतंत्रता होनी चाहिए ।

### 3. सामाजिक सुरक्षा संबंधी

लोककल्याणकारी राज्य का प्रमुख लक्षण यह होना चाहिए कि वह सामाजिक सुरक्षा से साथ–साथ समाज में रंग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय, वंश, लिंग के आधार पर भेदभाव न करे । एक लोक कल्याणकारी राज्य अपने सभी नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है । इस सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत सामाजिक समानता की स्थापना की जाती है ।

### 4. राज्य के कार्यक्षेत्र में वृद्धि संबंधी

राज्य को लोककल्याण सम्बन्धी वे सभी कार्य करने चाहिए, जिससे नागरिकों की स्वतन्त्रता प्रभावित न हो और वे अपने कार्यक्षेत्र में पूर्ण क्षमता एवं स्वतन्त्रतापूर्वक कार्य कर सके ।

**5. विश्वशान्ति एवं वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना संबंधी**

लोककल्याणकारी राज्य का स्वरूप राष्ट्रीय न होकर अन्तर्राष्ट्रीय होता है । अतः राज्य विशेष को चाहिए कि वह विश्वकल्याण की भावना से सम्पूर्ण मानवता के लिए कार्य करे ।

**6. लोक कल्याणकारी राज्य एक सकारात्मक राज्य हैं**

लोक कल्याणकारी राज्य एक आवश्यक बुरायी नहीं हैं। यह सकारात्मक अच्छाई लाने में समर्थ हैं स लोक कल्याणकारी राज्य एक ऐसा साधन है जिसका प्रयोग लोगों को अपने हितों को बढ़ाने के लिए , हालातों को सुधारने के लिए, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा का प्रबंध करने के लिए होता है ।

**7. लोक कल्याणकारी राज्य मिश्रित अर्थव्यवस्था का समर्थक हैं**

लोक कल्याणकारी राज्य मिश्रित अर्थव्यवस्था का समर्थक है । लोक कल्याणकारी राज्य के प्रवर्तक पूंजीवादी समाज की बुराइयां जैसे गरीबी , असुरक्षा , बेरोजगारी को दूर करने के लिए प्राकृतिक साधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर उत्पादन तथा वितरण के साधनों पर राज्य का नियंत्रण अधिक समझते हैं ।

**8. लोक कल्याणकारी राज्य एक प्रजातान्त्रिक राज्य हैं**

लोक कल्याणकारी राज्य प्रजातांत्रिक राज्य होता है । यह राज्य जनता की इच्छा को अधिक महत्व देते हुए उनके कार्यों को संपन्न करता है । सामाजिक संकटों तथा पारिवारिक कष्टों को दूर करने के लिए सामाजिक सुविधाएं प्रदान करना तथा समाज के कमजोर तथा निर्धन लोगों की आगे बढ़कर मदद करना , यह सभी प्रजातांत्रिक राज्य ही करता है । अहस्तक्षेपवादी राज्य का इसमें कोई योगदान नहीं रहता है ।

## लोककल्याणकारी राज्य के कार्य (Functions of Welfare state)–

लोककल्याणकारी राज्य के कार्यो को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है –

1 अनिवार्य कार्य ।

2 ऐच्छिक कार्य ।

अनिवार्य कार्य तो प्रत्येक राज्य को अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए अनिवार्य रूप से करने पड़ते हैं । ऐच्छिक कार्य राज्य की परिस्थितियों एवं शासन के दृष्टिकोण पर निर्भर होते हैं ।

लोककल्याणकारी राज्य का दायित्व है कि वह ऐच्छिक व अनिवार्य दोनों को महत्त्व दे ।

**लोककल्याणकारी राज्य के कार्य (Functions of Welfare state)–**

1. **बाह्य आक्रमणों से राज्य की रक्षा करना –**

इस हेतु विभिन्न प्रकार के सैन्य उपकरणों एवं साधनों की व्यवस्था करना ।

2. **शान्ति एवं सुव्यवस्था कायम करना –**

राज्य का दूसरा अनिवार्य कार्य राज्य में शान्ति एवं सुव्यवस्था कायम करना, नागरिकों को कानून के तहत सुशासन प्रदान करना, पुलिस की व्यवस्था करना और नागरिकों के कर्तव्यों का नियमन करना है ।

3. **न्याय की व्यवस्था –**

लोककल्याणकारी राज्य को शान्ति और व्यवस्था बनाये रखने के लिए स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष न्याय की व्यवस्था करनी चाहिए ।

4. **आर्थिक समानता –**

लोककल्याणकारी राज्य को स्त्री–पुरुष, बच्चों तथा उनके पारस्परिक सम्बन्धों का इस प्रकार नियमन करना चाहिए कि उनके बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न न हो । आर्थिक समानता के आधार पर नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है ।

5. **वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना –**

लोककल्याणकारी राज्य का अनिवार्य कर्तव्य अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग और सद्भावना स्थापित कर विश्वशान्ति व वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को बढ़ाना है ।

6. **शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना** –

सभी को शिक्षा के समान अवसर प्रदान करना, इसके साथ ही 14 वर्ष तक के लिए निःशुल्क अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना है । विश्वविद्यालय, तकनीकी, औद्योगिक, महिला, प्रौढ़ शिक्षा की समुचित व्यवस्था करना भी हैं ।

7 स्वास्थ्य रक्षा –

नागरिकों के स्वास्थ्य रक्षा हेतु समुचित उपाय करना ।

**अन्य कार्य** –

8. उद्योग एवं व्यापार पर नियन्त्रण करना ।

9. कृषि की उन्नति हेतु राज्य को उत्तम बीज, खाद एवं सिंचाई के समुचित साधनों की व्यवस्था करना, कृषकों को कम ब्याज पर देना ।

10. यातायात एवं संचार के लिए सड़कों, रेलों, जल तथा वायुमार्गो, डाक, तार, टेलीफोन, रेडियो, दूरदर्शन आदि की व्यवस्था करना ।

11. श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए श्रमहितकारी कानून बनाना ।

12. शारीरिक रूप से अपंग एवं वृद्ध व्यक्तियों के लिए इस प्रकार शिक्षण और प्रशिक्षण की व्यवस्था करना कि वह अपनी जीविकोपार्जन स्वयं कर सकें । इसके लिए वृद्धों और अपंगों के लिए पेंशन इत्यादि की व्यवस्था करना ।

13. प्रत्येक राज्य में कला, साहित्य, विज्ञान को प्रोत्साहन देना ।

14. नागरिकों के लिए आमोद–प्रमोद व मनोरंजन की व्यवस्था करना ।

15. प्राकृतिक सम्पदा के अधिकाधिक उपयोग हेतु राज्य को प्रेरित करना ।

16. सामाजिक कुरीतियों में सती प्रथा, बालविवाह, बहुविवाह, दहेज प्रथा, मृत्युभोज, पर्दाप्रथा तथा धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध कानून बनाकर उसे समाप्त करना ।

17. सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए कार्य करना ।

18. बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को रोटी, कपड़ा, मकान जैसी आवश्यक व मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना ।

19. आर्थिक नियोजन, निर्धनता का अन्त, उद्योग व्यापार एवं कृषि का नियमन एवं विकास करना ।

## लोककल्याणकारी राज्य और भारत –

भारत एक लोककल्याणकारी राज्य है । प्राचीनकाल से लेकर वर्तमान काल तक इसी लोककल्याण की भावना का निरन्तर विकास होता रहा है ।

महात्मा गांधी, नेहरू, आर.लोहिया, विनोबा भावे आदि ने भारत को लोककल्याणकारी राज्य बनाने हेतु विभिन्न प्रयास किये । स्व॰ इंदिरा गांधी ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम लागू कर, स्व॰ राजीव गांधी ने भी लोककल्याणकारी राज्य के स्वप्न को गति दी ।

## संदर्भ सूची –


(I) Gettel “Democracy is that form of government in which the mass of the population possesses the right to share in the exercise of sovereign power.”

(II) Prof. Inderjeet Singh Sodhi, Administrative Institutions in India

(III) प्रो अशोक शर्मा, भारत में प्रशासनिक संस्थाएँ, आर बी एस ए पब्लिशर्स

## 2. लोकतांत्रिक / प्रजातांत्रिक प्रशासन की विशेषताएं

## (Characteristics/Features of Democratic administration)

### प्रस्तावना (Introduction)

वर्तमान समय में शासन का स्वरूप अधिनायक तंत्र तथा कुलीन तंत्र न होकर जनतांत्रिक बना हुआ है । विश्व के अधिकांश देशों में आज शासन सत्ता का संचालन लोकतंत्र , शासन पद्धति से हो रहा है । यह एक ऐसी लोकतंत्र की पद्धति है जिसमें जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है और एक निश्चित अवधि तक वह प्रतिनिधि शासन के कार्यों को संपन्न करते हैं । लोकतंत्र पद्धति से तात्पर्य है उस निर्वाचित सरकार से , जो देश के संविधान की सीमाओं में रहते हुए संविधान के प्रावधानों के अनुरूप देश का शासन संचालित करते हैं । सरकार पर संविधानिक नियंत्रण और सर्वोपरि रूप से कानून के शासन को महत्व दिया जाता है ।

### लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के लक्षण / विशेषताएं (Features of Democratic Administration)

जनतंत्र देशों में पाए जाने वाले लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के लक्षणों को हम निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझ सकते हैं–

#### 1. संविधान की सर्वोच्चता तथा सम्मान (Supremacy and respect of the constitution)

लोकतांत्रिक देशों में शासन– प्रशासन लिखित संविधान के आधार पर चलाया जाता है । जहां प्रशासन का आचरण संविधान की सीमाओं के अनुसार ही चलता है । किसी भी लोकतांत्रिक प्रशासन का यह एक अनिवार्य लक्षण माना जाता है । यहां का शासन संविधान से परे कोई काम नहीं कर सकता ।

**2 व्यवस्थापिका के प्रति उत्तरदायित्व (Responsibilities towards legislature)**

किसी भी लोकतांत्रिक देश प्रजातंत्र देश के संविधान और संसद द्वारा निर्मित कानूनों के अनुरूप चलाया जाता है । प्रशासन का निर्देशन करने वाली कार्यपालिका व्यवस्थापिका के प्रति उत्तरदायित्व निभाती है । कार्यपालिका का प्रत्येक सदस्य अपने मंत्रालय के प्रशासनिक कार्यों के लिए व्यवस्थापिका के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वाह करता है । संसद में पूछे गए प्रश्नों का अपने मंत्री के माध्यम से ही प्रशासन के द्वारा जवाब मिलता है ।

3. **न्यायपालिका के प्रति सम्मान की भावना (Respect towards Judiciary)**

लोकतांत्रिक देशों में न्यायपालिका को देश के संविधान का संरक्षक माना जाता है । यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संरक्षक भी होता है । प्रशासन तंत्र के द्वारा ऐसा कोई आदेश पारित किया जाता है जो नागरिकों के अधिकारों और सम्मान को ठेस पहुंचाए , तो इसके विरोध में न्यायपालिका की शरण में जाकर नागरिक अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है ।

4. **राजनीतिक कार्यपालिका को निष्पक्ष परामर्श देना (Impartial advice to political Executive)**

सभी जनतंत्र देशों में प्रजातंत्र का यह प्रमुख दायित्व है कि वह देश की राजनीतिक कार्यपालिका को निष्पक्ष रूप से परामर्श उपलब्ध करें । लोकतंत्र देशों की निर्वाचित राजनीति कार्यपालिका कभी–कभी दक्ष नहीं होती है अतः वह अधिनियम और कानूनों की बारीकियों को समझ नहीं पाती है । इसलिए क्योंकि प्रशासनिक अधिकारी कुशल होते हैं अतः वह समय–समय पर इन्हें परामर्श उपलब्ध कराते रहते हैं ।

**5. शक्ति का विकेंद्रीकरण तथा प्रत्यायोजन (Decentralization and Delegation of Power)**

लोकतंत्र के देशों में केंद्रीकरण का विरोध किया जाता है । यहां विकेंद्रीकरण को अधिक महत्व दिया जाता है । सभी लोकतांत्रिक शासन प्रणालियों में जनता के हितों में शक्ति का अधिक स्तरों पर विकेंद्रीकरण किया जाता है । प्रशासनिक व्यवस्था में भी प्रशासनिक शक्तियों का अधिकतम विकेंद्रीकरण और प्रत्यायोजन किया जाता है । शक्तियों के विकेंद्रीकरण  कि इस व्यवस्था से प्रशासन में तानाशाही की प्रवृत्ति दूर होती है ।

**6. राजनीतिक नेतृत्व की सर्वोच्चता (Supremacy of political leadership)**

सभी लोकतंत्र के देशों का प्रशासन उस देश के राजनीतिक नेतृत्व द्वारा निर्देशित किया जाता है । यहां प्रशासन के अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे राजनेताओं को निष्पक्ष परामर्श प्रदान करें स वहीं दूसरी ओर राजनेताओं का भी यह कर्तव्य है कि वह प्रशासन तथा राजनीति के सर्वोच्च अधिकारी होने के कारण प्रशासन का निर्देशन करें । इनकी क्षमता और आत्मविश्वास तथा मनोबल को निरंतर बनाए रखें ।

7. **प्रशासन की राजनीति से तटस्थता बनी रहती है (Neutrality from politics)**

सभी लोकतंत्र देशों में प्रशासन का संचालन करने वाले अधिकारी तथा कर्मचारी राजनीति से तटस्थ रखकर कार्य करते हैं । अधिकारियों के आचरण के नियमों में समस्त श्रेणी के प्रशासक तथा कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे राजनीति में सक्रिय भाग नहीं लेंगे । किसी राजनीतिक दल के सदस्य नहीं होंगे और ना ही उन्हें आर्थिक योगदान प्रदान करेंगे । यदि इस सिद्धांत के विपरीत जाकर कोई काम करता है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है ।

8. **राज्य के नागरिकों के अभाव अभियोग के निराकरण के तंत्र की व्यवस्था ( Machinery for Redressal of Citizens Grievances)**

लोकतंत्र के शासन में प्रशासकीय प्राधिकरण लोकपाल तथा लोकायुक्त सतर्कता आयोग एवं भ्रष्टाचार निरोधक विभाग इत्यादि ऐसे प्रशासनिक उपकरण है, जहां नागरिक प्रशासन एवं राजनीति के निर्णय के विरुद्ध अपने परिवाद को प्रस्तुत करते हैं । इनके द्वारा नागरिकों की शिकायतों को दूर किया जाता है ।

### 9. प्रशासन का केंद्र बिंदु सामान्य व्यक्ति का कल्याण होता है (Focus of Administration is Welfare of common man)

लोकतंत्र लोक के कल्याण को अधिक महत्व देता है । लोकतांत्रिक शासन जो भी नीतियां देश के विकास के लिए तैयार करता है उसका केंद्र बिंदु अमीर वर्ग ना होकर सामान्य व्यक्ति का कल्याण होता है । देश के प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक,आर्थिक न्याय तथा समान अवसर उपलब्ध हो इसका यह हर संभव प्रयास करता है । प्रशासन का यह भी कर्तव्य है कि जो नीतियां और कार्यक्रम देश के विकास के लिए बनाएं उसमें आम व्यक्ति का कल्याण हो ।

### 9. पारदर्शी प्रशासन (Transparent Administration)

जनतंत्र प्रशासन का यह एक लक्षण है कि उसका संपूर्ण प्रशासनिक कामकाज जनता के लिए पारदर्शी हो अर्थात वह किसी बंद कमरे में ना होकर उसके समक्ष संपूर्ण जानकारी रखी जाए स जनता प्रशासन के निर्णय के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकती है । ऐसी व्यवस्था इस प्रकार के राज्य में होती है । सरकार का प्रत्येक महत्वपूर्ण निर्णय राजपत्र में प्रकाशित होता है । जिससे जनता जानकारी लेती है । इसकी जानकारी दैनिक समाचार पत्रों में भी प्रकाशित की जाती है । संसद और विधान मंडल की गतिविधियां भी समाचार पत्रों में जनता के समक्ष प्रस्तुत की जाती है ।

### 11. प्रशासन में जनता की अधिकतम सहभागिता बनी रहती है (Maximum participation of Public in Administration)

प्रशासनिक कार्यों में यदि जनता सहभागी नहीं बनती तो श्रेष्ठ नीतियां भी असफल हो जाती है । लोकतंत्र देश में पंचायती राज की विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से और विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्मित समितियों के माध्यम से जनता की

प्रशासनिक कार्यों में सहभागिता को अधिकतम सीमा तक प्राप्त करने की कोशिश की जाती है । जब तक नीतियों के क्रियान्वयन में जन सहभागिता सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक नीतियां प्रभावी रूप से क्रियान्वित नहीं हो सकती ।

**12. कार्मिक संगठनों को मान्यता प्रदान की जाती है (Recognition to employee organizations)**

सभी देशों में प्रशासन में कार्य करने वाले कर्मचारियों को संघ बनाने की अनुमति होती है । समान प्रकृति की समस्याओं के समाधान और निराकरण हेतु अपने सभी सदस्यों के हितों के विकास के लिए वे अपने संगठन बना सकते हैं । लोकतांत्रिक शासन ऐसे कार्मिक संगठनों को मान्यता प्रदान करता है ।

13. लोकप्रिय संप्रभुता (Popular Sovereignty)

लोकतंत्र संप्रभुता पर आधारित है। लोकतंत्र में लोग अपनी शक्ति का प्रयोग कर सकते हैं। वे अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। सरकार अपनी हर चूक और कमीशन के लिए आम जनता के प्रति उत्तरदायी है।

**14. राजनीतिक समानता (Political Equality)**

लोकतंत्र राजनीतिक समानता पर आधारित है। इसका अर्थ है कि सभी नागरिक जाति, पंथ, धर्म, जाति या लिंग के बावजूद कानून के समक्ष समान माने जाते हैं और समान राजनीतिक अधिकारों का आनंद लेते हैं। राजनीतिक समानता प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार देती है।

**15. संघीय व्यवस्था (Federal System)**

यह भारतीय लोकतंत्र की एक और विशेषता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 भारत को राज्यों के संघ के रूप में वर्णित करता है। हमारे संविधान के अनुसार, राज्य स्वायत्त हैं। उन्हें कुछ मामलों में पूर्ण स्वतंत्रता है, और कुछ अन्य मामलों में वे केंद्र पर निर्भर हैं।

### 16. अल्पसंख्यक की राय का सम्मान (Respect for minority opinion)

लोकतांत्रिक रूप से स्थापित बहुमत के नियमों में लेकिन अल्पसंख्यकों की राय को भी सम्मान दिया जाता है। उन्हें अपनी राय देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। मुक्त चर्चा और आलोचना से लोकतंत्र की सरकार किसी भी प्रस्ताव के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं को प्रोत्साहित करती है। बहुमत को अल्पसंख्यक की राय को बर्दाश्त करना चाहिए अन्यथा लोकतंत्र सत्तावाद में बदल जाएगा।

### 17. अधिकारों की व्यवस्था (System of rights)

लोकतंत्र व्यक्ति को विभिन्न अधिकार देकर व्यक्तिगत गरिमा प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, अभिव्यक्ति और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, संघ या संघ बनाने का अधिकार, शैक्षिक और सांस्कृतिक अधिकार।

### 18. कानूनों का नियम (Rules of laws)

लोकतंत्र में कानून का शासन है। इसका अर्थ है सभी पर कानून की सर्वोच्चता। किसी भी परिस्थिति में कानून से समझौता नहीं किया जा सकता है।

### 19. सहमति से नियम (Agreed Rules)

लोकतंत्र सामान्य रूप से सहमति पर आधारित होता है लेकिन बल या जबरदस्ती पर नहीं। बातचीत, बहस और चर्चा के माध्यम से बहुमत से सहमति एकत्र करके समस्याओं को हल किया जा सकता है।

### 20. खुला समाज (Open Society)

लोकतंत्र का तात्पर्य स्वतंत्र और खुले समाज से है। सरकार की हर गतिविधि जनता की राय पर आधारित होती है। विभिन्न संघों, यूनियनों, संगठनों का गठन समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने और समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता है।

### 21. स्वतंत्र न्यायपालिका (**Independent judiciary**)

लोकतंत्र को स्वतंत्र न्यायपालिका की विशेषता है। न्यायपालिका कार्यपालिका या विधायिका पर निर्भर नहीं करती है। कोई भी सरकारी अंग न्यायपालिका को प्रभावित नहीं कर सकता है।

### 22. यह कल्याणकारी सरकार है (**It is a welfare government**)

अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में कल्याणकारी सरकार है। लोकतंत्र एक शक्तिशाली हथियार है जिसके माध्यम से सर्वांगीण कल्याण संभव है। कल्याणकारी सरकार के रूप में यह व्यक्ति की स्वतंत्रता, स्वतंत्रता, गरिमा आदि को बनाए रखता है।

### संदर्भ सूची –


(I) Prof. CB Gena, Comparative Politics and Institutions, Vikas Publishing House, Delhi

(II) Prof. Inderjeet Singh Sodhi, Administrative Institutions in India

(III) Garner, Political Science and Government, Laxminarayan Aggarwal, Agra

(IV) प्रो अशोक शर्मा, भारत में प्रशासनिक संस्थाएँ, आर बी एस ए पब्लिशस

(V) सार्टोरी : पार्टीज एण्ड पार्टी सिस्टमः ऐ फ्रेमवर्क फॉर एनालिसिस, केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस न्यूयार्क, 1776

# 3. नौकरशाही/ब्यूरोक्रेसी (भूमिका , लाभ तथा हानि )

## Bureaucracy (Role, Merit and Demerits)

**प्रस्तावना (Introduction)**

अफसरशाही, कार्मिकों का वह समूह है जिस पर प्रशासन का केंद्र आधारित है। प्रत्येक राष्ट्र का शासन व प्रशासन इन्हीं नौकरशाहों के इर्द–गिर्द घूमता है। 'नौकरशाही' शब्द जहाँ एक ओर अपने नकारात्मक अर्थों में लालफीताशाही भ्रष्टाचार तथा अहंकार के लिए कुख्यात है तो दूसरी ओर प्रगति, कल्याण, सामाजिक परिवर्तन एवं कानून व्यवस्था व सुरक्षा के संदेश वाहक के रूप में भी जाना जाता है।

**नौकरशाही का अर्थ (Meaning of Bureaucracy)**

'नौकरशाही' शब्द अंग्रेजी के 'ब्यूरोक्रेसी' (Bureaucracy) का हिन्दी अनुवाद है । 'ब्यूरोक्रेसी' की व्युत्पत्ति फ्रांसीसी शब्द 'ब्यूरो' (Bureau) से हुई है जिसका अर्थ है 'मेज' अथवा 'डेस्क' । फ्रांस में डेस्क पर ढँके कपड़े को 'कुरल' कहा जाता था । इससे निर्मित ब्यूरो शब्द सरकारी कार्यों का प्रतीक है ।

शनैः– शनैः जहाँ कहीं भी सरकार का संकुचित दृष्टिकोण एवं स्वेच्छाचारिता नजर आती थी वहाँ 'नौकरशाही' शब्द प्रयुक्त किया जाने लगा ।

**नौकरशाही के प्रकार (Types of Bureaucracy)**

**एफ. एम. मार्क्स ने नौकरशाही के निम्नलिखित चार प्रकार बताए हैं :–**

**(A) अभिभावक नौकरशाही (Guardian Bureaucracy):**

यह नौकरशाही जनहित की भावना से प्रेरित होती है ।

मार्क्स ने इस नौकरशाही के दो उदाहरण प्रस्तुत किये हैं:

**(i) चीनी नौकरशाही (शुंगकाल से 960 तक),**

**ii) प्रशा की नौकरशाही (सन् 1640 से 1950 तक) ।**

यह नौकरशाही परम्परावादी एवं रूढ़िवादी प्रकृति की मानी जाती है । इस प्रकार की नौकरशाही न्यायपूर्ण एवं लोक हितकारी होने के साथ–साथ अनुत्तरदायी भी होती है ।

**(B) जातीय नौकरशाही (Caste Bureaucracy)**

राजनीतिक एवं प्रशासनिक सत्ता एक ही वर्ग विशेष के हाथों में होने पर जातीय नौकरशाही अस्तित्व में आती है । इस प्रकार की नौकरशाही का आधार एक वर्ग विशेष होता है ।

नौकरशाही में केवल उन्हीं व्यक्तियों को स्थान दिया जाता है जो उच्चतर वर्गों से सम्बन्धित होते हैं । प्राचीन रोमन साम्राज्य एवं जापान का मैजी संविधान इसी प्रकार के उदाहरण हैं ।

**(C) संरक्षक नौकरशाही (Patronage Bureaucracy):**

इसमें लोक सेवकों की नियुक्ति राजनीतिक सम्बन्धों के आधार पर की जाती है । विजयी राजनीतिज्ञ अपने समर्थकों को ऊँचे पदों पर नियुक्त करते हैं । राजनेताओं द्वारा प्रशासनिक मशीनरी पर नियन्त्रण करने के लिये ऐसा किया जाता है ।

इसका दूसरा नाम 'लूट पद्धति' है । अमेरिका में इसी प्रकार की नौकर शाही पाई जाती है । इसमें लोक सेवकों की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है वरन् उनसे सत्ताधारी दल की नीतियों व कार्यक्रमों के प्रति प्रतिबद्धता की माँग की जाती है उनका मुख्य कार्य राजनीतिक नेतृत्व को प्रसन्न रखना होता है ।

**(D) योग्यता पर आधारित नौकरशाही (Merit based Bureaucracy):**

इसमें लोक सेवकों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है योग्यता की जाँच हेतु परीक्षाएँ आयोजित की जाती हैं । आधुनिक लोकतन्त्रों में इसी प्रकार की नौकरशाही पाई जाती है । इसमें राजनीतिक नीतियों के प्रति प्रतिबद्धता के स्थान पर देश के संविधान एवं कर्त्तव्य के प्रति सजगता देखने को मिलती है ।

## नौकरशाही की भूमिका (Role of bureaucracy)

**नौकरशाही की भूमिका निम्न बिन्दुओ के द्वारा देखि जा सकती है–**

**1. सरकारी नीतियों और कानूनों का कार्यान्वयन करना (Implementing government policies and laws)**

यह नौकरशाही की जिम्मेदारी है कि वह सरकार की नीतियों को आगे बढ़ाए और कार्यान्वित करे। अच्छी नीतियां और कानून वास्तव में अपने उद्देश्यों की पूर्ति तभी कर सकते हैं जब ये कुशलतापूर्वक नौकरशाही द्वारा कार्यान्वित की जाए।

**2. नीति–निर्माण में भूमिका निभाती हैं (Play a role in policy making)**

नीति–निर्माण राजनीतिक कार्यपालिका का कार्य है। सिविल सर्वेंट पॉलिटिकल एग्जीक्यूटिव द्वारा पॉलिसी तैयार करने के लिए आवश्यक डेटा की आपूर्ति करते हैं।

**3. प्रशासन चलाना (Run administration )**

सरकार की नीतियों, कानूनों, नियमों, विनियमों और निर्णयों के अनुसार दिन–प्रतिदिन प्रशासन चलाना भी नौकरशाही की प्रमुख जिम्मेदारी है। राजनीतिक कार्यपालिका बस मार्गदर्शक, नियंत्रण और पर्यवेक्षण संबंधी कार्यों को करती हैं।

**4. राजनीतिक कार्यपालिका को सलाह देना (Advising the political executive)**

नौकरशाही का एक महत्वपूर्ण कार्य राजनीतिक कार्यपालिका को सलाह देना है। मंत्री सिविल सेवकों से अपने संबंधित विभागों के कामकाज के बारे में सभी जानकारी और सलाह प्राप्त करते हैं। मंत्रियों को अपने विभागों के कार्यों के बारे में बहुत कम जानकारी होती है। इसलिए, वे नौकरशाही की सलाह पर निर्भर हैं। वे मंत्रियों को विशेषज्ञ और पेशेवर सलाह और जानकारी प्रदान करते हैं।

**5. विधायी कार्य में भूमिका निभाना (Role playing in legislative work)**

सिविल सेवक कानून बनाने में एक महत्वपूर्ण लेकिन अप्रत्यक्ष भूमिका निभाते हैं। वे उन बिलों का मसौदा तैयार करते हैं जो मंत्री कानून बनाने के लिए विधायिका को सौंपते हैं। मंत्री सिविल सेवकों की सहायता लेकर विधायिका द्वारा मांगी गई सभी जानकारी प्रदान करते हैं।

**6. अर्ध–न्यायिक सम्बन्धी कार्य (Quasi–judicial work)**

प्रशासनिक न्याय की प्रणाली को कार्यपालिका द्वारा तय किया जाता है। आगे चलकर नौकरशाही के अर्ध–न्यायिक कार्यों में वृद्धि का स्रोत रहा है। परमिट, लाइसेंस, कर रियायतें, कोटा इत्यादि के विवादों को अब सिविल सेवकों द्वारा निपटाया जाता है।

**7. करों का संग्रह और वित्तीय लाभ में भूमिका निभाना (Play a role in the collection of taÛes and financial gain)**

सिविल सेवक वित्तीय प्रशासन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे सभी वित्तीय नियोजन, कर–संरचना, कर–प्रशासन और इस तरह के संबंध में राजनीतिक कार्यकारी को

सलाह देते हैं। वे करों को एकत्र करते हैं और करों की वसूली से जुड़े विवादों का निपटारा करते हैं। वे बजट और कराधान प्रस्तावों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**8. सभी सरकारी रिकॉर्ड रखना (Keeping all government records)**

नौकरशाही के पास सभी सरकारी रिकॉर्डों को व्यवस्थित रूप से रखने की एकमात्र जिम्मेदारी है। वे सरकार की सभी गतिविधियों से संबंधित सभी डेटा एकत्र, वर्गीकृत और विश्लेषण करते हैं। वे महत्वपूर्ण सामाजिक आर्थिक आंकड़े एकत्र करते हैं ।

**9. सार्वजनिक संबंध में भूमिका निभाना (Play a role in public relations)**

आधुनिक कल्याणकारी राज्य और लोकतांत्रिक राजनीति के युग ने सरकार को राज्य के लोगों के साथ घनिष्ठ संबंध रखने के लिए आवश्यक बना दिया है। सक्रिय और पूर्ण जनसंपर्क बनाए रखने की आवश्यकता हर राज्य की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

**10.एजेंट के रूप में (As a agent)**

नौकरशाही मुख्य एजेंट हैं जो लोगों के साथ सीधे संपर्क स्थापित करते हैं। वे दो तरह की कड़ी के रूप में काम करते हैं। एक ओर, वे लोगों के लिए सभी सरकारी निर्णयों को संप्रेषित करते हैं, और दूसरी ओर, वे लोगों की आवश्यकताओं, हितों और विचारों के लिए सरकार से बातचीत करते हैं।

## नौकरशाही के गुण (Merits of Bureaucracy )

**1. विशेषज्ञता (Specialization)**

एक नौकरशाही संगठन विशेषज्ञता के फायदे प्रदान करता है क्योंकि प्रत्येक सदस्य को प्रदर्शन करने के लिए एक विशेष कार्य सौंपा जाता है।

**2. तर्कसंगतता (Reasonableness)**

नियमित परिस्थितियों में दूरगामी निर्णय लेने वाले मानदंडों को पहले से निर्धारित करके निष्पक्षता का एक उपाय सुनिश्चित किया जाता है।

**3. लोकतंत्र (Democracy)**

योग्यता और तकनीकी क्षमता पर जोर संगठन को अधिक लोकतांत्रिक बनाते हैं। अधिकारियों को संरक्षण या अन्य विशेषाधिकार प्राप्त उपचार के बजाय निर्धारित नियमों, नीतियों और प्रथाओं द्वारा निर्देशित किया जाता है।

